# नगर निगम द्वारा धर्म-स्थलों व बस्तियों में कराया गया सैनेटाइजेशन व साफ सफाई का कार्य

शाहजहांपुर। कोविड -19 के दृष्टिगत नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा के निर्देश के क्रम में बढ़ते संक्रमण को कम किये जाने के उददेश्य से नगर निगम द्वारा चरणबद्ध तरीके से सेनेटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है , जिसके अन्तर्गत नगर निगम के 60 वार्डो के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र एवं मलिन बस्तियो में विशेष सफाई एवं सेनेटाइजेशन का अभियान संचालित गया है । इसी क्रम में नगर आयुक्त के निर्देश पर नगर में विशेष सेनेटाइजेशन अभियान संचालित किया गया ।जिसके दृष्टिगत जोन -1 के अर्न्तगत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक पवन कुमार द्वारा दिलाजाक, गदियाना, सैनिक कॉलोनी , इन्दिरानगर कॉलोनी, एमनजई जलालनगर, रामनगर कॉलोनी , अशोक बिहार कॉलोनी, शांतिपुरम कॉलोनी, लोधीपुर, कचहरी , कलेक्ट्रेट , विकास भवन में व्यापक स्तर पर सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन -2 के अर्न्तगत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक हरवंश कुमार दीक्षित द्वारा सदर बाजार , बहादुरगजं , मशीनरी मार्केट , घण्टाघर, अम्बेडकर पार्क , ककरा कलां में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन -3 के अर्न्तगत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक राजमंगल द्वारा चौभुर्जी, गौहरपुरा में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन -04 के अन्तर्गत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री चन्द्रवीर सिंह सागर द्वारा गराघाट स्थित स्वर्गधाम, अजीजगजं स्थित रैन बसेरा एवं कॉशीराम कॉलोनी , चौक , बक्सरिया , अब्दुल्लागज , वाजिदखेल , चारखम्भा के आसपास के क्षेत्रों में आंशिक रुप से एवं अन्य क्षेत्रो में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया जोन - 5 के अर्न्तगत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सुनील कुमार शाक्य द्वारा तारीन गाड़ीपुरा , गड़ी गाड़ीपुरा , चर्च कॉलोनी , ख्वाजा फिरोज में सेनेटाइजेशन का अभियान संचालित किया गया ।